Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-05-2007

Participants : Kaswan Shri Ram Singh

an>

Title: Need to open an additional LPG Agency in Ladnun, District Nagaur, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र लाडनूं जिला नागौर में रसोई गैस आपूर्ति की विकट समस्या बनी हुयी है। इस कस्बे की आबादी 65 हजार के आसपास है। यहां जैन विश्व भारती जैसी अंतर्राट्रीय ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालय एवं संस्थाएं हैं। यहां आई.ओ.सी. द्वारा संचालित एकमात्र गैस एजेन्सी है, जो जन आवश्यकता के अनुसार गैस का वितरण नहीं कर पा रही है। इस संबंध में मंत्रालय, आई.ओ.सी. के अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को आम-नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं व मेरे द्वारा काफी ज्ञापन दिए गए हैं, लेकिन गैस एजेंसी के संचालन में कोई सुधार नहीं हुआ है।

अतः मेरा सरकार से नम्र निवेदन है कि गैस सप्लाई के लिए प्रभावी कार्यवाही कर जनता को राहत प्रदान करें एवं एक अतिरिक्त गैस एजेंसी का आबंटन कर जनता को राहत प्रदान करने का श्रम करें।